भिंड नपा बन रही भ्रष्टाचार का गढ़

जल शाखा में लगाए गए आरोप

जानकारी के अनुसार बाल हनुमान कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से फाइलें तैयार कराई गई हैं, उनमें सबसे ज्यादा फाइल जल शाखा की हैं। जल शाखा में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की फर्जी तरीके से वर्ष 2023 से जनवरी 2024 तक प्रत्येक माह फर्जी मस्टर भरकर की गई भर्ती, आफलाइन तरीके से एक लाख राशि एवं 50 हजार तक के कार्यों कुटेशन विज्ञप्ति या टेंडर प्रक्रिया के तहत कुछ पसंदीदा ठेकेदारों की बिना कार्य कराए उनकी फर्म पर भुगतान करने सहित अन्य आरोप लगते रहे हैं।

नवभारत न्यूज
भिंड,09अगस्त। भिंड नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे। अब स्थिति ये है कि नपा सीएमओ द्वारा जिन शाखा प्रभारियों को हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। वे अपनी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं। कुछ दिन पहले ही नपा सीएमओ यशवंत वर्मा ने नपा में जल शाखा प्रभारी शिवदत्त शर्मा को प्रभार छोड़ने का नोटिस जारी किया था। वहीं प्रभार न छोड़ने पर एफआईआर दर्ज कराने की बात कही थी। लेकिन इसके बाद भी जल शाखा प्रभारी ने अब तक प्रभारी नहीं सौंपा। मामला सामने आते ही अब नपा सीएमओ इस मामले में सामंजस्य बनने की बात कह रहे हैं।

अब अफसर व कर्मचारी भी मनमानी पर अमादा, जल शाखा प्रभारी का कुर्सी प्रेम,हटाने के बाद भी जिम्मेदारी छोड़ने को तैयार नहीं

नपा सीएमओ ने 29 जुलाई को जल प्रदाय शाखा प्रभारी शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया था कि जल प्रदाय शाखा का प्रभार आपके स्थान पर स्वदेश तिवारी सहा ग्रेड- थ्री को सौंपा गया था लेकिन आपको दो नोटिस मिलने के बाद भी आपके द्वारा उक्त आदेश के पालन में जलप्रदाय शाखा का प्रभार स्वदेश तिवारी को नहीं सौंपा गया। नोटिस मिलने के बाद भी आपका जल शाखा का प्रभार ना देना, किसी दूसरे हाथ अलमारी की चाबी पहुंचाना और कार्यालय में उपस्थित ना होना ये दर्शाता है कि आपके द्वारा अभिलेखों में हेराफेरी की गई है। जो कि अनुसाशनहीनसा की श्रेणी में आता है। क्यों ना आपके विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। इससे पहले संयुक्त कलेक्टर ने पांच जून को नपा सीएमओ को 20 मार्च को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए जल शाखा प्रभारी शिवदत्त शर्मा को जलकार्य से तत्काल हटाने और इसकी सूचना देने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

> मैं डूडा कार्यालय में पदस्थ हूं। एक जुलाई को ही मैंने, कार्यालय की चाबियां स्वदेश तिवारी को दे दी थीं। रही बात चार्ज लेने की तो कोई इसे लेने को तैयार तो हो। मुझे जल शाखा से कोई लगाव नहीं है। नपा सीएमओ को भ्रमित कर मेरे खिलाफ ये नोटिस जारी कराया गया है।
>
> **शिवदत्त शर्मा, नपा कर्मचारी, वर्तमान में डूडा कार्यालय में पदस्थ**

> किसी अन्य व्यक्ति से कार्यालय की चाबियां भेज देना चार्ज सौंपना नहीं होता। इसकी विधिवत प्रक्रिया होती है। मुझे अब तक जल शाखा का प्रभार शिवदत्त शर्मा के द्वारा नहीं सौंपा गया है।
>
> **स्वदेश तिवारी, सहा ग्रेड-थ्री**
> **(जिन्हें जल शाखा का प्रभार सौंपा जाना है)**

> जल शाखा का प्रभार सौंपने को लेकर शिवदत्त शर्मा व स्वदेश तिवारी में सामंजस्य बन गया है। एक दो दिन में ही प्रभार सौंप दिया जाएगा।
>
> **यशवंत वर्मा, सीमएओ नपा।**

बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राशन लेकर पहुंचे समाज सेवी किरण दद्दा

नवभारत न्यूज
भिण्ड,09अगस्त। रक्षाबंधन का पर्व जहां देशभर में उल्लास से मनाया गया, वहीं भिंड जिले के लहार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरवासा और छेकुर मजरा में बाढ़ का कहर लोगों के जीवन को नरक बना रहा था। शासन-प्रशासन से कोई मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन ऐसे में समाजसेवी एवं दानवीर किन्नर किरण दद्दा ने इस संकट की घड़ी में भगवान बनकर पीड़ितों का साथ निभाया। रक्षाबंधन के दिन किरण दद्दा गिरवासा गांव पहुंचे और वहां के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन किट, पूरणों को टीशर्ट और महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। साथ ही उन्होंने कई जरूरतमंद महिलाओं को नकद आर्थिक सहायता भी प्रदान की।



जब गांव की महिलाओं को पता चला कि किरण दद्दा खुद राहत लेकर आ रहे हैं, तो उन्होंने उन्हें फोन कर गांव बुलाया। जैसे ही दद्दा गांव पहुंचे, ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें गले लगाकर रोते हुए धन्यवाद दिया। कई महिलाओं ने कहा कि जब सबने हमें छोड़ दिया, तब आपने आकर हमारी डूबती उम्मीदों को सहारा दिया। आप भगवान से कम नहीं हैं। गिरवासा से सटे छेकुर मजरे में आज तक सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के समय गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाना किसी संघर्ष से कम नहीं है। शासन-प्रशासन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। इस पर मौके पर भावुक होते हुए समाज सेवी किरण दद्दा ने कहा कि मुझे राजनीति नहीं करनी, मुझे सही मायनों में समाज सेवा करनी है। इस गांव में सड़क नहीं होना धर्म की बात है। नेताओं को गरीब जनता की सुननी चाहिए। जब तक मैं जिंदा हूं, कोई भी गरीब बेसहारा नहीं रहेगा। मेरी कोई संतान नहीं, मेरी जनता ही मेरा भगवान है। जनता ही मेरी सरकार है।

एक नजर में

उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत

भिंड। शहर के गौरी रोड पर बाइक सवार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। स्वजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने ग्वालियर रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अमन गुप्ता पुत्र भोलाराम गुप्ता निवासी वार्ड 18 ने बताया कि उनके 72 वर्षीय पिता गौरी सरोवर रोड पर जा रहे थे,तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। ग्वालियर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जुआ खेलते चार लोग पकड़े

भिंड। सिटी कोतवाली पुलिस ने खटीक खाना पानी की टंकी के पास कुछ लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। जुआरियों से एक ताश की गड्डी और ढाई हजार रुपये जब्त किए है। कोतवाली टीआइ बृजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सूचना मिली कि नयापुरा में पानी की टंकी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। पुलिस ने दबिश देकर इरफान खान, अरुण वर्मा, इरशाद खान और अनवर खान निवासी नयापुरा को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

युवक के साथ मारपीट की, केस दर्ज

भिंड। गोहद थाना अंतर्गत वार्ड दो में एक युवक ने विवाद चलते दुकानदार की मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक सुमित पुत्र श्रीकृष्ण मांझी निवासी भानू की घटिया वार्ड 13 ने बताया उनकी वार्ड दो गंज बाजार में दुकान है। जब वह दुकान पर बैठे थे, तभी उनके साथ अमरसिंह कुशवाह पुत्र प्रकाश कुशवाह निवासी गोहद ने मारपीट कर दी। गोहद के भियानी निवासी तोताराम पुत्र मिट्ठूलाल जाटव ने बताया कि उनके साथ गुलाब कुशवाह निवासी बंधा बरथरा, शिवम कुशवाह बंधा बरथरा निवासी गोहद ने मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

लोहे का हैंगर सिर पर गिरा, घायल

गोहद। गोहद थाना अंतर्गत सदर बाजार में हनुमान मंदिर के पास स्थित दुकान में लगा लोहे का हैंगर वहां से निकल रहे किशोर के सिर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र पुत्र रामहेत जाटव निवासी नहर मोहल्ला वार्ड आठ ने बताया कि कि उनका 13 वर्षीय बेटा पुनीत जाटव सदर बाजार में जा रहा था। तभी पवन गुप्ता की दुकान के बाहर लगा लोहे का हैंगर अचानक टूटकर पुनीत के सिर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चोर सोने-चांदी के जेवर चुराकर ले गए

भिंड। गोहद थाना अंतर्गत बिलौनी गांव में चोर एक घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चुराकर ले गए हैं। पुलिस के मुताबिक वर्षा पत्नी पंकज शर्मा निवासी पाली थाना पांवई ने बताया कि वह गोहद स्थित बिलौनी बीलपुरा गांव में अपने मायके आई थी। चोर घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चुराकर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत 63 हजार 500 रुपये है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

किशोरी से छेड़छाड़ की

गोहद। गोहद थाना अंतर्गत वार्ड पांच स्थित तल्हण तलैया में एक युवक ने घर में घुसकर किशोर के साथ छेड़छाड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक 13 वर्षीय किशोरी ने बताया कि वह अपने घर पर थी, तभी घर में राजेश चौहान निवासी बेलदार का पुरा गोल पहाड़िया ग्वालियर उनके घर में घुस आया और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगी। किशोरी के शोर मचाने पर युवक वहां से भाग गया। पुलिस ने किशोरी की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला के साथ मारपीट की, केस दर्ज

भिंड। एंडोरी थ्ा अंतर्गत शेरपुर गांव में विवाद के चलते एक युवक ने महिला की मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक गुड्डी बाई पत्नी रामअवतार जाटव निवासी शेरपुर ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी उनके साथ संजीव उर्फ संजू निवासी शेरपुर ने मारपीट कर दी। नयागांव के सगरा निवासी माधुरी ओझा पत्नी रामसिंह ओझा ने बताया कि उनके साथ रमेश ओझा, चंद्रेश ओझा, दीपक ओझा और खुशबू ओझा निवासी सगरा ने मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

भिंड। गोरमी थाना अंतर्गत कुटरौली गांव में एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय मोनू जाटव पुत्र महेश जाटव निवासी कुटरौली ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या क ली। स्वजन ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पिता महेश जाटव पुत्र दिलीप जाटव की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लिया है।

बुजुर्ग के साथ मारपीट की, केस दर्ज

भिंड। पावई थाना अंतर्गत बिछौली गांव में रुपये लेनदेन के चलते एक युवक ने बुजुर्ग की मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक अर्जुन जाटव पुत्र कुंदरपाल जाटव निवासी बिछौली ने बताया कि विवाद के चलते उनके साथ प्रमोद पुत्र गोविंद सिंह जाटव निवासी बिछौली ने मारपीट कर दी। पावई निवासी दुर्योधन पुत्र रामनारायण ओझा ने बताया कि उनके साथ राकेश ओझा, जितेंदार गुर्जर और करू गुर्जर निवासी पावई ने मारपीट कर दी। मुरैना के दिमनी निवासी राम शर्मा पुत्र गिर्राज शर्मा ने बताया कि ऐंहार गांव में टावर के पास उनके साथ भारकर पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी ऐंहार ने मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

लकड़ी से भरे ट्रक ने रोड किया जाम, आवागमन हुआ बन्द

भिण्ड। लहार अनुभाग के रावतपुरा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी के रास्ते की मैन रोड पर लकड़ी से भरे ट्रक को ट्रक चालक ने बीच रोड पर आडा खड़ा कर दिया है जिससे आवागमन बंद हो गया है रक्षा बंधन के त्योहार पर वहार से खजुरी आने जाने वाले लोग अपने रिसतेदारो के यहां नहीं पहुंच पा रहे ग्रामीणों द्वारा रावतपुरा पुलिस चौकी प्रभारी से निवेदन किया जा रहा है की शीघ्र मौके पर पहुंच कर रास्ते से ट्रक हटवायें जिससे रास्ते का जाम खुल सके, साथ ही गांव वालो ने आशंका जाहिर करते हुए कहा की ट्रक में भरी लकड़ी अवैध भी हो सकती है जिसकी भी जांच होनी चाहिए।

ट्रैक्टर ट्राली ने मारी स्कॉर्पियो में भीषण टक्कर बचे तीन लोग

भिण्ड। मिहोना भिंड भांडेर नेशनल हाईवे पर बन्धरी के नहर पर मिहोना बन्धरी के पास जालौन जिला के रामपुर निवासी निखिल सेंगर अपने परिवार सहित भिंड जा रहे थे किसी उत्साहिक कार्यक्रम में शामिल होने गाड़ी में सवार तीन लोग निखिल सेंगर पत्नी प्रियंका सिंगर बेटी तान्या सेंगर लगभग 4 साल की तीनों लोग बाल बाल बच्चे इधर लोगों ने बताया गया की मिहोना के रवि गुप्ता का ट्रैक्टर ट्रॉली गिट्टी भरकर किसी गांव गया था वहां से ड्राइवर खाली करके वापस लौट रहा था मझरिया चौकी पुरा वाली नहर से ट्रैक्टर ट्राली वापस आ रहा था बन्धरी के पास भीषण टक्कर मार दी वहां खड़े लोगों ने बताया कि ड्राइवर नशे में था, टक्कर मारकर भागने लगा तो वहां लोगों ने उसको पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया

अगर कोई गायत्री यज्ञ हवन का आयोजन कराना चाहें तो संपर्क करें

भिण्ड। अखिल विश्व गायत्री परिवार भिंड की साधक बहनों द्वारा माँ गायत्री प्रज्ञापीठ कुम्हरौआ रोड भिण्ड में शान्तिकुन्ज हरिद्वार के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पर्व के शुभ अवसर पर प्रत्येक रविवार किसी एक स्थल पर गायत्री महायज्ञ करने का संकल्प लिया गया था। उक्त संकल्प की कड़ी में प्रत्येक रविवार को प्रथक प्रथक स्थलों पर गायत्री यज्ञ हवन का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। किसी भी रविवार को जुड़कर शुभ अवसर प्राप्त कर सकते हैं। संपर्क हेतु मोबाइल नंबर 9425126651,97524669 79,7354935159,982622 2903, 9584083576 पर कर सकते है।

दो दिन से नहीं है पानी, तरसे रहवासी

भिण्ड। नगर लहार के वार्ड न 12,13 की पानी सप्लाई शाला पंप से की जाती है रक्षा बंधन त्यौहार के दो दिन पहले से ही वार्ड वासियों को पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है जिसकी वजह से रहवासियों का त्यौहार सुना बीता इस संबंध में वार्डवासी नगरपालिका लहार को लिखित में आवेदन दे आए लेकिन उस पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है वार्ड वासियों को सोमवार तक इंतजार करने को कहा गया है तब जाकर पंप सुधारा जाएगा पेयजल सप्लाई से जो मोहल्ले प्रभावित हुए है उनमें मझतौरा मोहल्ला सहकारिता गली शाला मोहल्ला भगवती वाटिका संत रविदास स्कूल के पास पानी की टंकी पोस्ट ऑफिस गली किया जा रहा है। किसी भी शास्त्री की बगिया ओर में रोड भिंड भांडेर लाला पहाड़िया के घर तक के लोग प्रभावित हुए है।

इनका कहना है...

विद्युत व्यवस्था दुरुस्त न होने की वजह से पानी सप्लाई नहीं हो सकी पंप पूरी तरह से दुरुस्त है ।

सीएमओ नगर पालिका लहार

शहर जिला कांग्रेस ने आदिवासी समाज सेवकों का सम्मान किया

नवभारत न्यूज
भिण्ड,09अगस्त। शहर जिला कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम करने वाले समाजसेवी श्री दर्शन लाल गौड़ जी और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तेज सिंह कोरकू जी, 12वीं परीक्षा में टॉपर संयोगिता कोरकू, आदिवासी वृक्षारोपण समिति के अध्यक्ष गौरव कोरकू, सितंबर सिंह, मोहर सिंह कोरकू, स्वरूपचंद कोरकू, वीरू कोरकू, सहित सात लोगों का माल्यार्पण कर शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी सिंगल बस्ती नंबर दो स्कूल के पास किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ राधेश्याम शर्मा ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि पर

प्रकाश डालते हुए बताया भारत छोड़ो आन्दोलन, द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 9अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था यह एक आन्दोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई अधिवेशन में शुरू किया गया था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विश्वविख्यात काकोरी काण्ड के ठीक सत्रह साल बाद 9 अगस्त सन 1942 को गांधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ आरम्भ हुआ। यह भारत को तुरन्त आजाद करने के लिये अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक सविनय अवज्ञा आन्दोलन था उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों के बारे में बताया आदिवासी शब्द दो शब्दों आदिश और वासीश से मिल कर बना है। आदिश का मतलब श्आरंभ सेश् और वासीश का मतलब श्रहनेवालाश् अर्थात आदिवासी का मतलब मूलवासीहोता है अंतर्राष्ट्रीय दिवस आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिवर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है।

इस अवसर पर बोलते हुए सन्तोष त्रिपाठी ने कहा हमारे देश की आजादी की लड़ाई में आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है बिरसा मुंडा तिलक मांझी जैसे अनेक आदिवासियों ने अपना योगदान दिया आदिवासियों के वजह से ही हमारे हरे भरे पेड़ औषधियां वातावरण सुरक्षित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर राधेश्याम शर्मा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष रामकुमार मांझी प्रमोद दीक्षित पीसी सुखप्रीत मिश्रा संजय यादव गोविंद राजावत गुलशन कोरकू विरजकोरकू संजीव कुमार मांझी बबलू मनोज कुमार मंगल आदि उपस्थिति रहे।

एलेकसर इंडस्ट्रीज ने किया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज
मालनपुर,09अगस्त। एलेकसर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए मालनपुर स्थित प्लांट परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर सैकड़ों पौधे लगाए गए।जिनमें नीम, पीपल, गुलमोहर, कचनार और अशोक जैसे छायादार और पर्यावरण के अनुकूल वृक्ष शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योग क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक योगदान देना था।

अनिकेत मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एलेकसर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हम मानते हैं कि औद्योगिक प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें पर्यावरण संतुलन का भी ध्यान रखा जाए। वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति की ओर हमारा एक छोटा-सा योगदान है।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को 'एक व्यक्ति - एक पौधा' की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुशील गायकवाड हेड प्लांटेशन डिपार्मेंट एवं कंपनी के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

बहन ने बांधी राखी ,भाई ने दिया पर्यावरण संरक्षण का वचन

नवभारत न्यूज
मेहगांव ,09अगस्त। वैसे तो रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के स्नेह का त्योहार है पूरा देश रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाती है सभी बहने अपने भाई की मंगलकामना के लिए रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है लेकिन मेहगांव नगर में एक सामाजिक परिवार ने रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जिसमें बहन भावना ने भाई को रक्षा सूत्र बांधा और भाई एड. शिवम चौधरी ने पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का वचन दिया और समस्त नागरिकों को लिए संदेश देते हुए कहा हमें हर त्यौहार पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा रोपण करना चाहिए क्योंकि पर्यावरण सुंदर है तभी देश सुन्दर है ।

दंदरौआ धाम पहुँचे डॉ. शुक्ला

मेहगांव। मध्य प्रदेश शासध कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला एंव साथ रहे डॉ. बृजकिशोर सिंह, पूर्व सरपंच परांवन, दंदरौआ धाम महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज। आस्था और भक्ति के इस अद्भुत संगम में हनुमान जी से जनकल्याण हेतु भाई-बहन के प्रेम, और समाज में सुख-समृद्धि की कामना के ा0 हनुमान जी महाराज से प्रार्थना करते हुऐ केबिनेट मंत्री तत्पश्चात महाराज श्री दंदरौआ धाम से आशीर्वाद प्राप्त करते हुऐ। रक्षाबंधन केवल रिश्तों का त्योहार नहीं, बल्कि यह हमें प्रेम,आपसी भाईचारे संरक्षण और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी देता है।

बाजार से अतिक्रमण हटाने अधिकारी एवं व्यापारी संघ की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
दतिया,09अगस्त। जिला व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर द्वारा जिला व्यापारी संघ को बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की समझाएं दी गई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि दुकानदार दुकानों के बाहर तख्त अथवा सामान रखकर यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करते हैं। जिला प्रशासन उस अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ करेगा। उन्होंने व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजू गुगोरिया से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होने से पहले किए गए अतिक्रमण को व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा स्वयं ही हटाये जाने की बात कही। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी दतिया संतोष तिवारी, एसडीओपी दतिया श्रीमती, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दतिया, यातायात प्रभारी, नगर निरीक्षक कोतवाली, महेश गुलवानी, दीपू बिलैया, राजू गांधी, संजू जड़िया, रामकुमार अग्रवाल, संजय सिजरिया, महेंद्र पाठक, संजू कनकने सहित अन्य व्यापारीगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

खाद वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज
दतिया,09अगस्त। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने किसानों से जुड़े सबसे अहम काम खाद वितरण में लापरवाही और अनियमितता पर कठोर कार्रवाई की है। किसानों को समय पर खाद न देना, वितरण के समय समिति बंद रखना, भीड़ और अफरातफरी फैलने देना, और अभद्र व्यवहार जैसे मामलों में कई समिति प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।किसानों की मेहनत और फसल का समय कीमती है। जो अधिकारी या प्रबंधक इस जिम्मेदारी में चूक करेगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसानों के साथ अन्याय किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

खड़ौआ समिति किसानों से अभद्र व्यवहार और अनियमित वितरण पर निलंबन।कुदारी समिति दृ विवाद और भीड़ में अव्यवस्था फैलाने पर निलंबन। सिंधवारी समिति दृ मोबाइल निरीक्षण में समिति बंद पाई जाने और समय पर वितरण न होने पर निलंबन परसौदागुजर्र समिति दृ शिकायतों के बाद तत्काल सुधार के लिए नए प्रबंधक की नियुक्ति एवं कैश क्रेडिट की राशि रोकने पर करवाही के सीईओ को निर्देश दिए सभी समिति प्रबंधकों को चेतावनी हर किसान को समय पर और समान रूप से खाद मिले।किसानों से सम्मानजनक व्यवहार अनिवार्य है।किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर सीधा निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।कलेक्टर ने सभी समिति प्रबंधकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन समिति खोलकर किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यदि किसी समिति में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। कलेक्टर का यह कदम जिले में खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और किसानों के हित में बनाए रखने की दिशा में बड़ा संदेश है। प्रशासन ने साफ किया है कि किसानों की जरूरत सर्वोपरि है और किसी भी स्थिति में उनकी अनदेखी बर्दाश्त

पंच-ज अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज
दतिया,09अगस्त। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में ग्राम शंकरगढ़ डेरा, ग्राम निचरौली, ग्राम प्रकाश नगर, ग्राम सहरिया, बस्ती ग्राम आजादपुर एवं आईटीआई कॉलेज दतिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया की जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती विभूति तिवारी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की वृक्षारोपण सह जागरूकता शिविर में श्रीमती विभूति तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण से बचाव के लिए आज के समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। इसलिए आम जन भी प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए तथा उनकी देखभाल एवं रक्षा करने का संकल्प लें।

आवारा गायों के सींगों पर लगाई रेडियम पट्टियाँ

दतिया। प्रतिनिधि सड़क हादसों को रोकने की दिशा में भारतीय सामाजिक सुरक्षा संगठन ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए नगर में घूम रही आवारा गायों के सींगों पर रेडियम पट्टियाँ लगाई। इस पहल का उद्देश्य रात के समय सड़क पर विचरण करने वाली गायों को दूर से ही दिखाई देना है, वाहन चालकों को सतर्क रहने में मदद मिल सके और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पांया जा सके।

सड़क पर बह रहा पानी से परेशान

दतिया। दतिया में नया ताल ओवरफ्लो होने से छ्त्रा पुरा मेन रोड पर पिछले करीब 20 दिनों से पानी बह रहा है।लगातार पानी भरने से सड़क पर कीचड़ और फिसलन बन गई है, जिससे बाइक सवार, पैदल यात्री और साइकिल सवार अक्सर फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं।एसडीएम से की शिकायत,,समस्या से त्रस्त होकर शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया।सूचना मिलते ही एसडीएम संतोष तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेकर लोगों को समझाया और जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया।एसडीएम तिवारी ने बताया कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आती है और विभाग को निर्देश दिए गए हैं ।

आन-लाइन सट्टा संचालक के विरुद्ध थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही

दतिया। दतिया अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने आन-लाइन सट्टा संचालक को गिरफ्तार कर करीबन चार लाख रूपय का आनलाइन हिसाब किताब सहित मोबाईल फोन जप्त करने में सफ्लता हासिल की है। थाना प्रभारी कोतवाली धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया दरअसल पुलिस 8 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी रवि उर्फपपडी पुत्र सुरेश खटीक निवासी भदौरिया की खिडकी दतिया के कब्जे से सात सट्टा पर्ची और 2 हजार 70 रूपय नगद व एक नीली डोटपेन जप्त कर किया गया व आरोपी से पूछताछ करने पर उसके पास से एक मोबाईल फोन जप्त किया गया,जिसमें आरोपी द्वारा आनलाईन स्वंय की आईडी से सट्टा लेना बताया गया। मोबाईल से तकरीबन चार लाख रूपये का हिसाब किताब पाया गया, आरोपी ने यह भी बताया कि वह उक्त आनलाईन सट्टे पर स्वंय की आईडी बनाये हुए है । जिस पर बाला उर्फगोविन्द अहिरवार निवासी भदौरिया की खिडकी को नगद रूपय देकर क्राइन अपनी आईडी में डलवाता है। तथा क्राइन के बदले नगद रूपये देकर सट्टा लगवाता है। प्रकरण में आरोपी बाला उर्फ गोविन्द अहिरवार एवं अन्य संलिप्त आरोपियो की गिरफ्तारी की जावेगी है। जिसकी गिरफ्तारी होने पर आनलाईन सट्टे के संबंध में पूछताछ कर कार्यवाही की जावेगी। आरोपीयों के विरुद्ध पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।